# 10 गुल्लू की गुल्लक

## सिक्के एवं नोट

गुल्लू अपनी गुल्लक में बहुत दिनों से रुपये इकट्ठे कर रहा था। वह उसे रोज उलट–पलट कर देखता था। एक दिन गुल्लक उसके हाथ से छूटकर नीचे गिर गई। गुल्लक फूट गई। सब सिक्के और नोट बिखर गए। आओ देखें, गुल्लू की गुल्लक में कौन–कौन से सिक्के और नोट थे?



## देखो, सोचो और बताओ–

- गुल्लक में कुल कितने सिक्के और नोट थे? ..................................
- एक रुपये तथा दो रुपये के कितने सिक्के और नोट हैं? ............
- 5 रुपये और 10 रुपये के कितने–कितने सिक्के और नोट हैं?......
- 20 रुपये, 50 रुपये तथा 100 रुपये के कितने–कितने नोट हैं?.....

## सिक्के



## नोट



### बताओ कितने नोट

- दस रुपये में 2–2 रुपये के — 5 नोट
- 20 रुपये में 5–5 रुपये के — 4 नोट
- 50 रुपये में 10–10 रुपये के — ..............
- 100 रुपये में 20–20 रुपये के — ..............
- 500 रुपये में 100–100 रुपये के — ..............
- 2000 रुपये में 500–500 रुपये के — ..............

### देखो और कुल रुपये लिखो–




15 रुपये      ......................



......................      ......................

### रुपयों का जोड़




चित्र में खिलौनों पर लगे दाम को पढ़ो और खाली स्थान भरो–

कार और टोपी का कुल दाम ₹ 55 + ₹ 20 = ₹ 75

किताब और पेंसिल का कुल दाम ₹ 50 + ₹ 2 = ₹......

गुड़िया और बॉल का कुल दाम ₹ ...... + ₹ ..... = ₹ ......

बॉल, पेंसिल और टोपी का कुल दाम ₹.....+ ₹.....+₹.....= ₹......

सोनल ने 32 रुपये में एक कॉपी तथा 10 रुपये में 4 पेंसिल खरीदीं। उसने दुकानदार को कुल कितने रुपये दिए ?

कॉपी का दाम = ₹ 32

पेंसिल का दाम = ₹ 10

कुल दाम = ₹ 32 + ₹10

```
   ₹ 3 2
 + ₹ 1 0
 -------
     4 2
 -------
```

सोनल ने दुकानदार को कुल 42 रुपये दिए जिसमें 10 रुपये के 4 नोट तथा 2 रुपये का एक सिक्का था।

इसके अलावा आप किस–किस तरीके से दुकानदार को 42 रुपये दे सकते हो–

- .............................. नोट/सिक्के
- .............................. नोट/सिक्के





## हमने सीखा

- धातु से बनी मुद्रा को सिक्का कहते हैं।
- कागज से बनी मुद्रा को नोट कहते हैं।


## अभ्यास



1. जोड़ो और लिखो–

| | | |
|---|---|---|
| 8 रुपये | 50 रुपये | 48 रुपये |
| 5 रुपये | 23 रुपये | 32 रुपये |
| ________ | ________ | ________ |
| ________ | ________ | ________ |

2. लिखो, कुल कितने रुपये–

 +  = ..........................

 +  = ..........................

 +  +  = ..........................

3. बताओ, 100 रुपये में–

10–10 के कितने नोट या सिक्के ? ..................

20–20 के कितने नोट ? ..............................

50–50 के कितने नोट ? ..............................

3. सुमन ने 24 रुपये के बिस्कुट और 16 रुपये में नमकीन का पैकेट खरीदा। उसने कुल कितने रुपये का सामान खरीदा?

4. सलमा ने 45 रुपये का पर्स, 12 रुपये का कंघा तथा 10 रुपये का रुमाल खरीदा। उसने दुकानदार को कुल कितने रुपये दिए?

अपने आप–एक

# आओ खेलें खेल

**कैसे खेलें–**

- एक समूह में 4 बच्चे इस खेल को खेलेंगे।
- चारों के पास अलग–अलग रंग की गोटी होगी।
- पासा फेंकने के बाद जितना अंक आएगा, उतने ही खाने आगे चलना होगा।
- जिस खाने में गोटी पहुँचेगी, उस खाने में अगर कुछ निर्देश हो तो उसका पालन करते हुए, गोटी का स्थान बदलेगा।
- एक–एक करके बच्चे पासा फेकेंगे और अपनी गोटी को आगे बढ़ाते जाएँगे।
- जिसकी गोटी सबसे पहले घर तक पहुँचेगी, वही जीतेगा।

